प्रेषक,

निदेशक,
राज्य शैक्षिक अनुसंधान और
प्रशिक्षण परिषद, उत्तर प्रदेश,
लखनऊ।

सेवा में,

1. प्राचार्य,
   जिला शिक्षा और प्रशिक्षण संस्थान,
   समस्त जनपद, उत्तर प्रदेश।
2. जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी,
   समस्त जनपद, उत्तर प्रदेश।

पत्रांकः राशै/ 3655-3801/2021-22 **दिनांकः** 18 जून, 2021

विषयः **<u>दिनांक 21 जून, 2021 को अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर वेबिनार के आयोजन के सम्बन्ध में।</u>**

महोदय,

अवगत कराना है कि दिनांक 21.06.2021 को अंतर्राष्ट्रीय योगा दिवस के अवसर पर एस0सी0ई0आर0टी0, उत्तर प्रदेश, लखनऊ द्वारा प्रातः 11:30 बजे से 1:00 बजे तक **'छात्रों के सर्वांगीण विकास में प्रभावी योग'**, **'योग के माध्यम से सीखने में तेज़ी'** एवं **'स्वस्थ जीवन के लिए योग'** विषयों पर एक वेबिनार का आयोजन किया गया है, जिसका एस0सी0ई0आर0टी0 के फेसबुक पेज एवं यूट्यूब चैनल पर लाइव प्रसारण होगा। वेबिनार में कई प्रतिष्ठित योगाचार्यों द्वारा अपने विचार प्रस्तुत किये जायेंगे, जो सभी हितधारकों के लिए अति उपयोगी होगा।

अनुरोध है कि कृपया अपने संस्थान के अधिकारियों, संकाय सदस्यों, प्रशिक्षणार्थियों, अभिकर्मियों एवं जनपद के शिक्षकों को उक्त वेबिनार में प्रतिभाग करने हेतु निर्देशित करने का कष्ट करें।

भवदीय,

18/06/2021

(अजय कुमार सिंह)
संयुक्त निदेशक (एस0एस0ए0)
कृते निदेशक
राज्य शैक्षिक अनुसंधान और
प्रशिक्षण परिषद, उ0प्र0, लखनऊ।

पृ0सं0: राशै/ 3655-3801/2021-22 **तद्दिनांक।**

प्रतिलिपि महानिदेशक, स्कूल शिक्षा, उत्तर प्रदेश, लखनऊ को सूचनार्थ प्रेषित।

18/06/2021

(अजय कुमार सिंह)
संयुक्त निदेशक (एस0एस0ए0)
कृते निदेशक
राज्य शैक्षिक अनुसंधान और
प्रशिक्षण परिषद, उ0प्र0, लखनऊ।